# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut


पत्रांक : पी0ए0/2942
दिनांक : 24-06-2025

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के प्रेस विज्ञप्ति पत्र संख्या : DSW/ दिनांक 12.05.2025 एवं पत्र दिनांक 16.06.2025 के द्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों एवं स्नातक स्तर के सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा (बी0ए0एल–एल0बी0 और बी0कॉम0एल–एल0बी0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु जो पंजीकरण दिनांक 13.05.2025 में प्रारम्भ हुए थे, उनमें पंजीकरण करने की अन्तिम तिथि 30 जून, 2025 निर्धारित की गई है। समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने संस्थान में अध्ययन के इच्छुक छात्रों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा इस दिशा में अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती जाती है अथवा पंजीकरण की प्रक्रिया में लापरवाही पाई जाती है, तथा पोर्टल बन्द हो जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रचार्य/प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि वह महाविद्यालय में प्रवेश हेतु दिनांक 30 जून, 2025 तक निर्धारित समय–सीमा के भीतर समर्थ पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि तक समर्थ पोर्टल पर प्रवेश पजीकंरण हेतु महाविद्यालय/संस्थान की वेबसाइट/सोशल साइट एवं स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से भी प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

प्रवेश पंजीकरण हेतु समर्थ पोर्टल लिंक : **https://ccsuniversityadm.samarth.edu.in/**

कुलसचिव

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

01. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियत्रंक को परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के सूचनार्थ।
04. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. उपकुलसचिव (परीक्षा), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
06. सहा0कुलसचिव सम्बद्धता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. समन्वयक प्रवेश / सह समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
08. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
09. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्र हित में स्थानीय प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
10. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)।
11. गार्ड फाईल।

कुलसचिव